तापमान

भोपाल	9.0°	27.0°
इंदौर	12.0°	29.0°
जबलपुर	11.0°	27.0°
ग्वालियर	11.0°	27.0°
सागर	13.0°	27.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 356, पृष्ठ 12)
अगहन, कृष्ण प्रतिपदा संवत् 2083
बुधवार, 25 नवम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com

भोपाल संस्करण


भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



राजधानी... आउटसोर्स कर्मचारियों की नहीं होगी छुट्टी...



व्यापार... सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में कोई ...



खेल... फिलीपींस की महिला टेनिस स्टार एलेक्जेंड्रा अबू...



देश-विदेश... जेन्सेन हुआंग की एनवीडिया में वापसी तो हुई...

53 गेंदों में 28 छक्के, सात चौके लगाकर रचा इतिहास...

क्रिकेटः विश्व में भारत का 'वैभव'



दोहा, एजेंसी : भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में ऐतिहासिक पारी खेलकर क्रिकेट जगत में नया कीर्तिमान स्थापित किया। संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मुकाबले में 15 वर्षीय वैभव ने महज 52 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह लिस्ट-ए क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने कुल 53 गेंदों का सामना करते हुए 204 रन बनाए। उनकी इस विस्फोटक पारी में 28 छक्के और सात चौके शामिल रहे। पेशेवर क्रिकेट में एक पारी के दौरान किसी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड भी अब उनके नाम हो गया है।

28 गेंदों में जड़ा सबसे तेज शतक

वैभव ने इस मुकाबले में दोहरा शतक ही नहीं, बल्कि कई अन्य रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। उन्होंने केवल 28 गेंदों में शतक पूरा किया। इसके साथ ही लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर-मैकगर्क का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 29 गेंदों में शतक लगाया था। वैभव ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने पहले ओवर में जाहिद अली की गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाए। इसके बाद इबरार अहमद और बासिल हमीद के ओवरों में भी जमकर रन बनाए। उन्होंने महज 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था।

सेमीफाइनल में पहुंची इंडिया ए टीम

टूर्नामेंट के अंतिम चार (सेमीफाइनल) में जगह बनाने वाली वह चौथी और आखिरी टीम बनी। इससे पहले श्रीलंका ए, बांग्लादेश ए और पाकिस्तान ए सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी थीं। इंडिया ए का नेट रनरेट +3.523 और पाकिस्तान ए का नेट रनरेट +1.090 है।

14.2 ओवर में भारत ने जीता मुकाबला

संयुक्त अरब अमीरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 249 रन बनाए थे। भारत की ओर से अरशद खान ने चार विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया-ए ने वैभव की तूफानी पारी की बदौलत 14.2 ओवर में ही 250 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

384.90 का शानदार स्ट्राइक रेट

सूर्यवंशी ने न्यूजीलैंड के चाड बोएस का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2024 में फोर्ड ट्रॉफी में कैंटरबरी की ओर से ओटागो के खिलाफ 103 गेंद में दोहरा शतक लगाया था। बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी 53 गेंद में 204 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस विस्फोटक पारी में 7 चौके और 28 छक्के शामिल रहे। उन्होंने 384.90 के शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

काशी में देव दीपावली: 11 लाख दीपों से जगमगाए गंगा तट



नईदुनिया ब्यूरो, वाराणसी : धर्मनगरी काशी में मंगलवार को देव दीपावली का पर्व भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गंगा के 84 घाटों पर करीब 11 लाख दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की रोशनी से पूरा गंगा तट जगमगा उठा। नमो घाट पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने पहला दीप जलाकर आयोजन का शुभारंभ किया। देव दीपावली देखने के लिए 40 देशों से विदेशी मेहमान वाराणसी पहुंचे हैं। अनुमान के अनुसार, करीब 15 लाख पर्यटक इस आयोजन में शामिल होने पहुंचे हैं।

नाबालिग का हाथ पकड़ना भी यौन हमलाः हाई कोर्ट

नईदुनिया ब्यूरो, इंदौरः मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि यौन मंशा से नाबालिग लड़की का हाथ पकड़ना भी यौन हमला है। ऐसी परिस्थिति में यह कृत्य पॉक्सो अधिनियम की धारा 7 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की एकल पीठ ने आरोपी की दोषसिद्धि और सजा बरकरार रखते हुए उसकी अपील खारिज कर दी। मामला 23 सितंबर 2020 का है। अभियोजन के अनुसार, आरोपी यूसुफ मिस्त्री पीड़िता के घर काम करता था। घटना के समय लड़की के माता-पिता और बड़ी बहन घर पर नहीं थे। इसी दौरान आरोपी ने यौन मंशा से उसका हाथ पकड़ लिया। विरोध करने के बावजूद उसने हाथ नहीं छोड़ा। पीड़िता किसी तरह वहां से निकलकर गैलरी में गई और दरवाजा बंद कर लिया।

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की लगातार चौथी जीत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम ने मंगलवार को लगातार चौथी जीत दर्ज की। बरखेड़ा नाथू स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने चीन को 6-2 से हराया। इस जीत के साथ भारतीय टीम 12 अंकों के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गई। दिन के तीसरे मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और चीन पर दबाव बनाए रखा। भारत की ओर से दीपिका ने मैच के पहले ही मिनट में गोल कर टीम का खाता खोला। इसके बाद उन्होंने छठे और 13वें मिनट में भी गोल दागे। इस तरह दीपिका ने मुकाबले में तीन गोल किए। लालरेमसियामी ने 18वें मिनट में और नेहा ने 21वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त 5-1 कर दी। तीसरे क्वार्टर में रानी साक्षी ने 37वें मिनट में छठा गोल कर भारत की स्थिति मजबूत कर दी। चीन की ओर से फेंग किंगमियाओ ने 14वें मिनट में गोल किया, जबकि चेन टोंग ने 33वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में चीन को कोई गोल नहीं करने दिया।



जापान और कोरिया ने भी जीते मुकाबले

दिन के दूसरे मुकाबले में जापान ने मलेशिया को 3-1 से हराया। जापान की ओर से मारुयामा निको ने 31वें मिनट में पहला गोल किया। मुरायामा हिरोका ने 50वें और हिरामित्सु आइ ने 57वें मिनट में गोल दागे। मलेशिया की ओर से अजहेरी अजमायरा ने 50वें मिनट में गोल किया। जापान की यह भी लगातार चौथी जीत रही। दिन के पहले मुकाबले में कोरिया ने थाईलैंड को 1-0 से शिकस्त दी।

खास-खबरें

हसीना 16 दिसंबर को लौटना चाहती हैं

ढाका, एजेंसी : बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 16 दिसंबर को स्वदेश लौटने की इच्छा जताई है। उन्होंने इसके लिए तारिक रहमान सरकार से सरकारी विमान भेजने की मांग की है। हसीना के प्रवक्ता सैयद मोजम्मेल अली ने बताया कि वह सरकारी विमान सेवा की उड़ान से दिल्ली से ढाका लौटना चाहती हैं।

नेतन्याहू से हाथ मिलाने तैयार आइजनकोट

तेल अवीव, एजेंसी : इजराइल में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। बेंजामिन नेतन्याहू के विरोध में चुनाव लड़ने वाले गादी आइजनकोट अब उनकी पार्टी लिकुड के साथ गठबंधन सरकार बनाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। आइजनकोट ने चुनाव के दौरान नेतन्याहू को सत्ता से हटाने का वादा किया था। अब सरकार बनाने के लिए उन्हीं से बातचीत करनी पड़ रही है।

जानबूझकर हटाई गई थी राजीव की सुरक्षाः राहुल

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया है कि उनके पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सुरक्षा जानबूझकर हटाई गई थी, ताकि उनकी हत्या की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए माहौल तैयार किया गया था। राहुल गांधी ने मंगलवार को अपनी मां सोनिया गांधी और बहन प्रियंका गांधी के साथ बातचीत का वीडियो साझा किया।

मोदी ने बालेन को भेंट की पिता की पुरानी तस्वीर

जामनगर में पढ़ाई के दौरान खिंची थी डॉ. राम नारायण शाह की तस्वीर




नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली/काठमांडूः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह को उनके दिवंगत पिता डॉ. राम नारायण शाह की एक पुरानी तस्वीर भेंट की। यह तस्वीर गुजरात के जामनगर में उनके पिता की पढ़ाई के दिनों की है। डॉ. राम नारायण शाह ने गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई की थी। पिछले वर्ष 77 वर्ष की आयु में काठमांडू के सिविल अस्पताल में उनका निधन हो गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस विशेष उपहार के साथ बालेन शाह को वाराणसी का गंगाजल, बनारसी ब्रोकेड का अंगवस्त्र और रामायण की पूरी कथा दर्शाने वाला कलमकारी चित्र भी भेंट किया। बनारसी अंगवस्त्र को पारंपरिक गुजराती साडेली डिब्बे में रखा गया था। इससे पहले सोमवार को मोदी ने उन्हें गंगाजल से भरा कलश दिया था। वहीं, बालेन शाह ने प्रधानमंत्री को पशुपतिनाथ मंदिर का प्रसाद भेंट किया था। डॉ. राम नारायण शाह का जन्म 1948 में नेपाल के महोत्तरी जिले के एकदारा गांव में हुआ था। उच्च शिक्षा के लिए वे भारत आए और जामनगर स्थित आयुर्वेद विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद नेपाल लौटकर सरकारी आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में काम शुरू किया।

टीवीके विधायक पर मामला दर्ज

नईदुनिया ब्यूरो, चेन्नईः तमिलनाडु के कल्लाकुरिची से टीवीके विधायक सी. अरुल विग्नेश के खिलाफ महिला जिलाधिकारी को अश्लील संदेश भेजने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। राज्य सरकार ने मंगलवार को मद्रास हाई कोर्ट को इसकी जानकारी दी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि मुख्य सचिव हो या सफाईकर्मी, हर महिला को यौन उत्पीड़न से सुरक्षा मिलनी चाहिए। हाई कोर्ट ने पुलिस को जांच में तेजी लाने और 22 दिसंबर तक अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को होगी।

संतों का सानिध्य ईश्वर से संवाद का अवसर देता है : डॉ. यादव

ओंकारेश्वर में पांचवीं नर्मदा सेवा परिक्रमा का शुभारंभ



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संतों का सानिध्य प्राप्त होना सौभाग्य की बात है। संतों के माध्यम से हमें साक्षात् ईश्वर से संवाद का अवसर मिलता है। मां नर्मदा की पांचवीं सेवा परिक्रमा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, साधना, सद्भाव और लोककल्याण का आध्यात्मिक मार्ग है। मुख्यमंत्री मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ओंकारेश्वर के गौमुख घाट पर दादा गुरुजी के सानिध्य में प्रारंभ हुई पांचवीं नर्मदा सेवा परिक्रमा के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने श्रद्धालुओं को यात्रा की मंगलमय और निर्विघ्न पूर्णता की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने मां नर्मदा की आरती कर विधिवत पूजन किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद वे परिक्रमा यात्रा में भी शामिल हुए। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्व सनातन संस्कृति और उसके वैभव से परिचित हो रहा है। स्वामी विवेकानंद ने लगभग सौ वर्ष पहले ही कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया को भारत की क्षमताओं का अहसास कराया है। सनातन परंपराएं समाज को जोड़ने और मानव कल्याण का संदेश देती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। मां नर्मदा के तट की पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर दादा गुरुजी ने कहा कि मां नर्मदा जीवन, ज्ञान, आचार-विचार, विकास और व्यवस्था का आधार हैं। परिक्रमा एक साधना है, जिसके मूल में लोककल्याण, सद्भाव और समरसता की भावना निहित है।

पंजाब में भाजपा-अकाली मिलकर लड़ेंगे विस चुनाव

नईदुनिया ब्यूरो, लुधियानाः पंजाब में भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल छह साल बाद फिर एक साथ आ गए हैं। मंगलवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने गठबंधन की घोषणा की। दोनों दल आगामी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे। अमित शाह ने कहा कि गठबंधन में अकाली दल बड़े भाई की भूमिका में रहेगा। चुनाव जीतने पर अकाली दल का नेता मुख्यमंत्री बनेगा। हालांकि, दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। सुखबीर सिंह बादल ने गठबंधन को राजनीतिक के बजाय भावनात्मक रिश्ता बताया। उन्होंने कहा कि उनके पिता इसे नाखून और मांस का संबंध कहते थे। गौरतलब है कि कृषि सुधार कानूनों को लेकर सितंबर 2020 में दोनों दलों का 24 साल पुराना गठबंधन टूट गया था। इससे पहले दोनों दल 1997, 2007 और 2012 में मिलकर पंजाब में सरकार बना चुके हैं।

गठबंधन की घोषणा के दौरान किसानों की समस्याओं, बंदी सिखों की रिहाई और करतारपुर गलियारे को दोबारा खोलने के मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

बिना हिजाब गाने पर 74 कोड़े मारने की सजा

तेहरान, एजेंसी: ईरान की गायिका परस्तू अहमदी और उनके साथियों को सोमवार को 74-74 कोड़े मारे गए। जून 2026 में कुम शहर की अदालत ने बिना हिजाब सार्वजनिक रूप से गाने और अश्लील सामग्री बनाने के आरोप में उन्हें यह सजा सुनाई थी। इसके साथ ही दो साल तक गायन और विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाया गया है।

स्कूल बस को ट्रक ने मारी टक्कर, चार बच्चों की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, कन्नौजः उत्तर प्रदेश के कन्नौज में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने खड़ी स्कूल बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में चार छात्रों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हो गए। बस में 50 विद्यार्थियों सहित 60 लोग सवार थे। सभी आगरा में पिकनिक मनाकर कौशांबी लौट रहे थे।

जाँच *सरकारी आंकड़े से दो लाख अधिक मौतें...*

रूस ने यूक्रेन युद्ध में गँवाए सात लाख से ज्यादा सैनिक


मॉस्को, एजेंसीः रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में रूसी सेना को भारी नुकसान होने का दावा किया गया है। रूस से बाहर काम कर रहे दो स्वतंत्र मीडिया संस्थानों मेडुजा और मीडियाजोना की जांच के अनुसार, युद्ध में अब तक सात लाख से अधिक रूसी सैनिकों की मौत हो चुकी है। यह संख्या रूस के सरकारी अभिलेखों में दर्ज मौतों से करीब दो लाख अधिक है। जांच के मुताबिक, यह अनुमान यूक्रेन समर्थक दो हैकर समूहों से प्राप्त सरकारी आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर तैयार किया गया है। इसमें उन सैनिकों को भी शामिल किया गया है, जो लापता हैं और जिनके मारे जाने की आशंका है। दोनों संस्थानों ने वैज्ञानिक तरीकों से उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कर संभावित मौतों की संख्या का अनुमान लगाया है।

सरकारी आंकड़ों में 4.90 लाख मौतें दर्ज

रूस के सरकारी अभिलेखों के अनुसार, सितंबर तक युद्ध में कम से कम चार लाख 90 हजार सैनिकों की मौत दर्ज की गई थी। हालांकि, सरकारी आंकड़ों में मौतों का विवरण दर्ज होने में देरी होती है। इस कारण वर्ष 2026 में मारे गए कई सैनिकों के नाम अभी इन अभिलेखों में शामिल नहीं हैं।

हर साल चार लाख से अधिक सैनिकों की भर्ती

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सरकार युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई के लिए लगातार नए सैनिकों की भर्ती कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, रूस वर्ष 2026 में करीब चार लाख नौ हजार नए सैनिकों की भर्ती करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके लिए सरकार नए सैनिकों को बड़ी धनराशि देने की पेशकश भी कर रही है। यूक्रेन ने युद्ध में अपने सैनिकों की मौत का सटीक आंकड़ा सार्वजनिक नहीं किया है। वाशिंगटन स्थित सामरिक एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र ने जून तक यूक्रेन के करीब एक लाख 50 हजार सैनिकों के मारे जाने का अनुमान लगाया था। वहीं, दो अन्य वेबसाइटों के अनुसार, यूक्रेन के मृत और लापता सैनिकों की संख्या दो लाख से अधिक हो सकती है।



युवक की वापसी के प्रयास

नई दिल्ली : रूस में सेना में भर्ती भारतीय मूल के युवक को वापस लाने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। युवक के पिता ने बेटे की वापसी के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की है। केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि युवक ने भारतीय नागरिकता छोड़कर रूसी नागरिकता ले ली थी। इसके बाद वह रूसी सेना में शामिल होकर रूस-यूक्रेन युद्ध में लड़ रहा है। सरकार की भूमिका सीमित है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र को वापसी के सभी विकल्प तलाशने को कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मानवीय सहायता सहित संभावित रास्तों पर विचार करने का आश्वासन दिया। हालांकि, रूसी अधिकारी जानकारी देने से इनकार कर सकते हैं।

धीरेंद्र शास्त्री मेरे बच्चे जैसे, अनुचित बातों पर डाँटा थाः बाबा रामदेव

नईदुनिया ब्यूरो, हरिद्वार/छतरपुरः योगगुरु रामदेव ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को लेकर दिए गए अपने बयान पर मंगलवार को सफाई दी। हरिद्वार में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री उनके सामने बच्चे के समान हैं। वे उनके छोटे भाई और शिष्य जैसे हैं। जिन बातों से उन्हें दुख पहुंचा और जो अनुचित लगीं, उन्हें लेकर उन्होंने अपने अधिकार से डांटा था। रामदेव ने कहा कि देवी-देवताओं के बीच भेदभाव करना सनातन परंपरा नहीं है। देवताओं, जातियों और धर्मों के नाम पर होने वाला भेदभाव समाज को तोड़ता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को अंधविश्वास और पाखंड से नहीं जोड़ना चाहिए। यह दिव्य और वैज्ञानिक मूल्यों वाला धर्म है। इस मामले को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया। वहीं, धीरेंद्र शास्त्री ने रामदेव की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्वामी रामदेव महापुरुष और गुरु समान हैं। उनके मन में कोई बात आई होगी तो उन्होंने आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि चार दिन पहले रामदेव ने उनकी प्रशंसा की थी।

